रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग/सैन्य कार्य विभाग
राजभाषा प्रभाग

विषय : रक्षा मंत्रालय(सचिवालय) में हिंदी पखवाड़ा, 2023 का आयोजन ।

सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजभाषा विभाग के एतदसंबंधी निदेशों के अनुसार गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 14-28 सितंबर, 2023 तक रक्षा मंत्रालय (सचिवालय) में "हिंदी पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान हिंदी प्रयोग के संबंध में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी । प्रतियोगिताएं हिंदी और हिंदीतर दोनों वर्ग के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए अलग-अलग आयोजित की जाएंगी । प्रतियोगिताओं और पुरस्कारों का ब्यौरा संलग्न है ।

2. पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली सभी प्रतियोगिताओं में रक्षा विभाग, सैन्य कार्य विभाग, रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा अनुसंधान तथा विकास विभाग और भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भाग ले सकेंगे । हिंदी प्रभाग में काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लेंगे । हिंदी के काम में एम.टी.एस कार्मिकों की रुचि तथा योगदान को देखते हुए उनके लिए अलग से हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता रखी गई है ।

3. प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे संलग्न प्रपत्र में अपना ब्यौरा देते हुए नाम, पदनाम, टेलीफोन नंबर, मातृभाषा, प्रतियोगिता/प्रतियोगिताओं जिनमें भाग लेना है, संबंधी सूचना रक्षा (राजभाषा-1), कमरा नं0 215, "बी' विंग, सेना भवन को 01 सितंबर, 2023 तक अवश्य, भेज दें । सभी अधिकारी/कर्मचारी एक से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं । हिंदी आशुलिपि प्रतियोगिता में केवल आशुलिपिक/निजी सचिव, आदि केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा से सम्बद्ध अधिकारी/कर्मचारी ही भाग ले सकेंगे जबकि ये कार्मिक हिंदी कार्य (मासिक) प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे । हिंदी आशुलिपि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कार्मिक हिंदी टंकण प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र भी नहीं होंगे। हिंदी आशुलिपि प्रतियोगिता में श्रुतलेख 5 मिनट का होगा तथा "ट्रांसक्रिप्शन' का कार्य राजभाषा प्रभाग में उपलब्ध कंप्यूटरों पर अथवा हाथ से "लांग हैंड' में लिखकर यथास्थिति, करना होगा । इसी प्रकार, हिंदी टंकण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का टेस्ट यथासंभव इस प्रभाग में उपलब्ध कंप्यूटरों पर लिया जाएगा । पुरस्कारों के संबंध में अंतिम निर्णय संयुक्त सचिव (स्थापना), रक्षा विभाग महोदय द्वारा लिया जाएगा।

4. हिंदी पखवाड़े के दौरान मंत्रालय में अधिक से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी में काम करने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुरस्कृत करने की दृष्टि से यह भी निर्णय लिया गया है कि एक प्रतिभागी को अधिकतम तीन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे तथा समान अंक प्राप्त होने पर पुरस्कार राशि समान रूप से बांट दी जाएगी ।

5. पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कारों/प्रशस्ति-पत्र हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के दौरान प्रदान किए जाएंगे जिसकी सूचना यथा-समय अलग-से दे दी जाएगी ।

6. सभी अधिकारी/कर्मचारीगण से अनुरोध है कि हिंदी पखवाड़ा आयोजन के दौरान अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में भागीदारी सुनिश्चित करें ।

(नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी) 10.8.23
उप निदेशक (राजभाषा)
फोनः 23019547

रक्षा मंत्रालय(सचिवालय) के सभी अधिकारी एवं अनुभाग
र.मं.अ.वि.सं. 8(1)/2023-रक्षा(रा.भा.1), दिनांक 09 अगस्त, 2023

रक्षा मंत्रालय
राजभाषा प्रभाग
<u>हिंदी पखवाड़ा - 2023</u>

क्र.सं.	दिनांक	कार्यकलाप	समय/स्थान	पुरस्कार
1.	18.09.2023 (सोमवार)	उद्घाटन समारोह	सम्मेलन कक्ष, 123 'बी' विंग, सेना भवन प्रातः 10.30 बजे से 1300 बजे	-
2.	18.09.2023 (सोमवार)	हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता प्रतियोगिता (एम.टी.एस.) हिंदी एवं हिंदीतर भाषी वर्ग के लिए संयुक्त रूप से	सम्मेलन कक्ष, 123 'बी' विंग, सेना भवन 2.30 बजे से प्रारंभ	प्रथम पुरस्कार 3000 रु0 द्वितीय पुरस्कार 2000 रु0 तृतीय पुरस्कार 1500 रु0 3 प्रोत्साहन पुरस्कार (1000 रु0 प्रत्येक)
3.	19.09.2023 (मंगलवार)	हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदी भाषियों के लिए)	सम्मेलन कक्ष, 123 'बी' विंग, सेना भवन 10.30 बजे से प्रारंभ	उपरोक्तानुसार
4.	19.09.2023 (मंगलवार)	हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदीतर भाषियों के लिए)	सम्मेलन कक्ष, 123 'बी' विंग, सेना भवन 2.30 बजे से प्रारंभ	उपरोक्तानुसार
5.	20.09.2023 (बुधवार)	हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता (हिंदी भाषियों के लिए)	सम्मेलन कक्ष, 123 'बी' विंग, सेना भवन 10.30 बजे से प्रारंभ	उपरोक्तानुसार
6.	20.09.2023 (बुधवार)	हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता (हिंदीतर भाषियों के लिए)	सम्मेलन कक्ष, 123 'बी' विंग, सेना भवन 2.30 बजे से प्रारंभ	उपरोक्तानुसार
7.	21.09.2023 (गुरूवार)	हिंदी टंकण प्रतियोगिता	सम्मेलन कक्ष, 123 'बी' विंग, सेना भवन 10.30 बजे से प्रारंभ	उपरोक्तानुसार
8.	22.09.2023 (शुक्रवार)	हिंदी आशुलिपि प्रतियोगिता	सम्मेलन कक्ष, 123 'बी' विंग, सेना भवन 10.30 बजे से प्रारंभ	उपरोक्तानुसार
9.	01.09.2023 से 30.09.2023 तक	हिंदी कार्य मासिक प्रतियोगिता (नोटिंग/ड्राफ्टिंग आदि)	-	मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा घोषित परिणाम के पश्चात विजेताओं को उपर्युक्त अनुसार पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

समापन/पुरस्कार वितरण समारोह : उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में पुरस्कार हेतु स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार/प्रमाणपत्र वितरित किए जाने हेतु कार्यक्रम की सूचना बाद में दी जाएगी। सभी प्रतिभागीगण कृपया यथासमय प्रतियोगिताओं में उपस्थित हों।

*****